लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक शुक्ल पक्ष, सप्तमी 1.11 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 3, अंक 350, पृष्ठ 14, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, सोमवार, 31 अक्टूबर 2022

www.amritvichar.com

PAGE NO : 04 MIDDLE

अंशिका और वीर का प्रदर्शन रहा सर्वश्रेष्ठ

अमृत विचार, बरेली

- एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से चल रही 69वीं स्टेग यूपी स्टेट टेबिल टेनिस प्रतियोगिता का रविवार को हुआ समापन
- सभी वर्ग के विजेता एवं उपविजेता को मिले एक लाख रुपये के इनाम

श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में चल रही 69वीं स्टेग यूपी स्टेट टेबिल टेनिस चैंपियनशिप का रविवार को समापन हो गया। इसमें बेस्ट प्लेयर प्रयागराज की अंशिका गुप्ता व लखनऊ के वीर वाल्मिकी को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का खिताब मिला।

विजेताओं में मैन सिंगल्स व अंडर-19 बालक में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव, वूमेन सिंगल्स, अंडर-19, अंडर-17, अंडर-15 बालिका में सुहानी महाजन, अंडर-17 जूनियर में आगरा के मौलिक चतुर्वेदी, अंडर-15 में प्रयागराज के आर्यन कुमार, अंडर-13, अंडर-11 में वीर वाल्मिकी, अंडर-13 में अनोखी केसरी, अंडर-11 साक्षी तिवारी रही। एडीजी राजकुमार व एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक, चेयरमैन देवमूर्ति ने विजेताओं को प्रमाण पत्र व ट्राफी के साथ पुरस्कार दिए।

विजेता खिलाड़ियों के साथ मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सभी श्रेणी के विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रस्ट की ओर से 50 हजार, यूपीटीटी संघ की ओर से 30 हजार, स्टेग इंटरनेशनल मेरठ की ओर से 20 हजार का पुरस्कार दिया गया। निहाल सिंह मेमोरियल की ओर से उभरते खिलाड़ियों को पांच हजार रुपये व विवेक प्रसाद मेमोरियल की ओर से उभरते खिलाड़ियों को पांच हजार दिए गए। रेफरी सहित कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी लोगों को स्मृति चिन्ह भी दिए गए।

एडीजी राजकुमार ने विजेताओं सहित सभी खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के लिए एसआरएमएस ट्रस्ट लगातार योगदान देता आया है।

ट्रस्ट के संस्थापक देवमूर्ति ने कहा कि हारने वाले प्रतिभागी भी कम नहीं। उन्होंने अच्छा प्रयास किया और विजेता खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर दी। इस मौके पर जिला टेबिल टेनिस एसोसिएशन के सचिव डा. दीपेंद्र कमथान, टूर्नामेंट के डायरेक्टर एनके लहरी, चीफ रेफरी अमित सिंह, डिप्टी रेफरी आकाश यादव, आल इंडिया टीटी जूनियर टीम के चयनकर्ता पराग अग्रवाल, टूर्नामेंट के संयोजक डा. सोवन मोहन्ती, आदित्य मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डीन एकेडेमिक्स डा. प्रभाकर गुप्ता, नर्सिंग कालेज की प्रिंसिपल डा. रिंटू चतुर्वेदी, निदेशक प्लेसमेंट सेल डा. अनुज कुमार, डा. रुचि शाह, स्पोर्ट्स आफिसर नितिन सक्सेना व शंकर पाल गंगवार भी मौजूद रहे।